केन्द्रीय सूचना आयोग
द्वितय तल, अगस्त क्रांति भवन
भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली – 110066.
******

प्रथम अपील सं. CIC/AA/A/2017/260 दिनांक: 01.09.2017

संदर्भ संचिका सं. CICOM/A/2017/00252
CICOM/R/2016/001628

अपीलकर्ता : कु0 रजनी देवी, द्वारा – श्री श्रीराम,
रि0 रे0 स्टे0 मास्टर, आदर्श नगर कालोनी,
गली नं. 1, रोजा जं0, जिला – शाहजहाँपुर,
उत्तर प्रदेश ।

निर्णय की तारीख: 01.09.2017

| | |
|---|---|
| आर.टी.आई. आवेदन की तिथि | 13.12.2016 |
| आर.टी.आई. के तहत सूचना प्रदान करने की तिथि | 10.01.2017 |
| प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी | श्री दिनेश कुमार |
| प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि | 09.08.2017 |
| आयोग में प्रथम अपील का डायरी सं. व तिथि | 156379/14.08.2017 |

1. अपीलकर्ता ने दिनांक 13.12.2016 के आर.टी.आई. आवेदन के के संदर्भ में श्री दिनेश कुमार, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा पत्र सं. CICOM/R/2016/01628 के माध्यम से उपलब्ध करवाई गई सूचना के संदर्भ में उल्लेख किया है कि उन्हें आयोग के वांछित आदेश की प्रति उपलबध करवा दी गई है, परन्तु संबंधित आर.टी.आई. आवेदन की प्रति नहीं दी गई है ।

2. संबंधित संचिका का अवलोकन करने के पश्चात श्री दिनेश कुमार द्वारा प्रदान की गई सूचना से संबंधित आयोग के आदेश सं. CIC/CC/A/2014/001770-SA से संबंधित मांगी गई आर.टी.आई. आवेदन की प्रति के संदर्भ में उल्लेख किया जाता है कि यह आवेदन किसी अन्य व्यक्ति (तृतीय पक्ष) द्वारा दाखिल किया गया है तथा आर.टी.आई. आवेदन में व्यक्तिगत विवरण भी होते है जो कि किसी तीसरे पक्ष को नहीं दिया जा सकता है । अतः श्री आर.एल.गुप्ता, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई उक्त आर.टी.आई. आवेदन की प्रति जिसमें व्यक्तिगत विवरण को हटा दिया गया है, अपीलकर्ता के सुलभ संदर्भ हेतु इस आदेश के साथ संलग्न है ।

3. तद्नुसार अपील निस्तारित की जाती है ।

4. प्रस्तुत संदर्भ में अपीलकर्ता यदि इस आदेश/निर्णय से संतुष्ट न हों तो अधिनियम की धारा 19(3) के अंतर्गत द्वितीय अपील इस आदेश की प्राप्ति के 90 दिनों के अंदर केन्द्रीय सूचना आयोग, 'सी' विंग, अगस्त क्रांति भवन, भिकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली - 110066 में की जा सकती है ।

**संलग्नक – यथोपरि ।**

(आर. के. सिंह)
अपर सचिव एवं
**प्रथम अपीलीय अधिकारी**

प्रतिलिपि :

1. श्री ए. के. शर्मा, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।

C.I.C. RECEIVED
01 SEP 2017
D. No.
Initials